हमला | मवई में एंबुलेंस नहीं पहुंचने और अस्पताल की अव्यवस्था से लोगों में भारी आक्रोश

भालू के हमले से ग्रामीण गंभीर रूप से घायल

नवभारत, भुआ बिछिया। मवई विकासखंड के अंतर्गत आने वाले वन ग्राम सैदा में गुरुवार सुबह भालू के हमले में एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान विजय बहादुर उइके 38 वर्ष पिता चंदू सिंह उइके के रूप में हुई है। इस घटना के बाद समय पर 108 एंबुलेंस न पहुंचने और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवई में पर्याप्त उपचार न मिलने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है।

जानकारी अनुसार विजय बहादुर उइके गुरुवार सुबह पिहरी खोजने साथी सेव सिंह यादव, सुनील धुर्वे के साथ जंगल की ओर गए थे, पिहरी की तलाश करते-करते सभी साथी दूर दूर हो गये,इसी दौरान झाड़ियों से अचानक एक भालू ने दो शावको सहित उन पर हमला कर दिया। हमले में उनके दाहिने हाथ की बांह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। परिजनों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी, लेकिन काफी देर इंतजार के बाद भी एंबुलेंस नहीं पहुंची।

अंततः परिजन घायल को बस से मवई अस्पताल ले गए। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में प्राथमिक उपचार तो कर दिया गया, लेकिन दर्द से कराह रहे मरीज को आराम के लिए बेड तक नहीं मिला। वह घंटों तक अस्पताल के बरामदे में कंबल ओढ़कर मंडला रेफर होने का इंतजार करता रहा।

स्वास्थ्य सुविधाओं को सुधारने की मांग

वनांचल क्षेत्र होने के कारण मवई में वन्यजीवों के हमले और अन्य दुर्घटनाओं का खतरा हमेशा बना रहता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने अपील की है कि वन विभाग की निगरानी सख्त की जाए और 108 एंबुलेंस सेवा के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवई में आपातकालीन सुविधाओं बेड और चिकित्सकीय संसाधन को सुधारा जाए, जिससे भविष्य में किसी घायल को ऐसी अमानवीय स्थिति का सामना न करना पड़े। सरपंच ग्राम पंचायत मझगांव श्रीमती शांताबाई धुर्वे ने ग्रामीणों से अपील की है कि अंधेरे में जंगल ना जाए,अति आवश्यकता होने पर समूह के माध्यम से संगठित होकर दिन में जंगल जाएं घने जंगल एवं झाड़ियां के बीच में ना जाएं.

वन विभाग की कार्यप्रणाली पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

इस घटना ने वन विभाग की लचर गश्त और निगरानी व्यवस्था की भी पोल खोल दी है। आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि यदि जंगलों में नियमित गश्त होती, तो भालू की आवाजाही की जानकारी पहले से मिल जाती और ग्रामीणों को सतर्क किया जा सकता था। समय पर चेतावनी, मुनादी या सूचना बोर्ड लगाए जाते तो लोग उस क्षेत्र में जाने से बचते और यह हादसा टल सकता था। निगरानी के अभाव में जंगलों में अवैध पेड़ों की कटाई जैसी गतिविधियां भी लगातार सामने आ रही हैं।

नौजवानों पर पुलिस का लाठीचार्ज अत्यंत शर्मनाक : टीकाराम कोष्टा

नवभारत, जबलपुर। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ओबीसी विभाग) के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व प्रदेश प्रवक्ता टीकाराम कोष्टा ने युवाओं पर हुए पुलिस लाठीचार्ज को अत्यंत शर्मनाक बताया है। कोष्टा ने कहा कि सरकार युवाओं के आंदोलन से घबरा गई है और छात्रों पर हमला नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों पर प्रहार है। पिछले 12 वर्षों में लगभग 152 पेपर लीक होने के खिलाफ आवाज उठाने पर पुलिस का दमनात्मक रवैया निंदनीय है। कांग्रेस किसानों, संविधान, लोकतंत्र और युवाओं के हितों के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी। इस दौरान टीकाराम कोष्टा, अलीम मंसूरी, रामदास यादव, विजय अग्रवाल, संजू ठाकुर, अशोक यादव, मामूर गुड्डू, डॉ. मोइन अंसारी, राजा खान, राजू तोमर और अशोक चौधरी सहित अन्य पदाधिकारियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि आंदोलनकारियों के प्रति पुलिसिया दमन तुरंत बंद किया जाए।

बारिश से खिले किसानों के चेहरे, खेत-तालाब हुए लबालब

धान की रोपाई ने पकड़ी रफ्तार भारी बारिश से मवई-कुड़की मार्ग पर गिरा बरगद का पेड़

भुआ बिछिया। मवई और इसके आसपास के क्षेत्रों में पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार झमाझम बारिश ने किसानों के चेहरों पर खुशी ला दी है। बारिश से खेत और तालाब पूरी तरह भर गए हैं, जिससे धान की रोपाई के लिए एकदम अनुकूल माहौल बन गया है। बेहतर पैदावार की उम्मीद में किसान पूरे उत्साह के साथ खेतों में उतर चुके हैं और रोपाई का कार्य तेजी से चल रहा है।

प्रशासन की त्वरित कार्रवाई

पेड़ गिरने की वजह से विद्युत लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे आसपास के इलाकों में अंधेरा छा गया। सूचना मिलते ही वन विभाग एवं विद्युत मंडल की टीम ने मौके पर पहुंचकर पेड़ की कटाई कर रास्ता साफ किया। इसके तुरंत बाद बिजली विभाग ने सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए लाइनों की मरम्मत कर बिजली आपूर्ति बहाल की। इस बीच लगातार हो रही बारिश को देखते हुए जे ई विधुत मंडल रितेश वनवारी ने लोगों से अपील की है कि वे खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें और पेड़ों व बिजली के खंभों से दूरी बनाए रखे।

यातायात और बिजली आपूर्ति हुई प्रभावित

एक ओर जहां बारिश से किसानों को बड़ी राहत मिली है, वहीं भारी बारिश और तेज हवाओं से जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। बीती रात मवई से अमवार, पटपरा होते हुए छत्तीसगढ़ के कुड़की को जोडने वाले मुख्य मार्ग पर एक विशाल बरगद का पेड़ धराशायी हो गया। पेड़ के सड़क पर गिरने से यातायात पूरी तरह अवरुद्ध हो गया और घंटों तक दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं।

एक नजर में

गैस सिलेंडर के पीछे बैठा था सवा फीट लंबा सांप

जबलपुर। गढ़ा थानांतर्गत पंडा की मढिया गढ़ा के सामने निवासी ओमप्रकाश हीरा के रसोई कक्ष में दोपहर 03 बजे जब उनकी पत्नी सुनंदा हीरा चाय बनाने गई तो उनके पैरों में कुछ सरसराहट हुई तो उन्होंने देखा कि एक सवा फीट लंबा सांप उनके पैरों में से सरक रहा है उन्होंने पैर झटक दिये तो सांप गैस सिलेंडर के पीछे जा कर छिप गया सूचना पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर देवताल तालाब में छोड़ दिया। इसी तरह पनागर में रहने वाले मधुकर सिंह के घर में सुबह ग्यारह बजे पांच फीट लंबा धामन प्रजाति का सांप पकडा गया जिसे जंगल में छोड दिया गया। ये सर्प जहरीला नहीं होता है।

बाथरूम में युवक ने लगाई फांसी

नवभारत, जबलपुर। भेड़ाघाट थाना अंतर्गत नई बस्ती में एक युवक ने बाथरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक हेमराज झारिया 43 वर्ष निवासी नई बस्ती भेड़ाघाट ने सूचना दी कि उसके घर के बगल में जीजा नोखेनाल रहते हैं जिनके 2 बेटे, 2 बेटियां हैं उनका सबसे छोटा लड़का भनेज अतुल झारिया 21 वर्ष बुधवार सुबह लगभग 6 बजे फ्रेश होने घर के बाहर आंगन में बनी बाथरूम में गया था कुछ देर तक घर के बाहर नहीं आया, जीजा नोखेलाल ने गेट खोलकर देखा भनेज अतुल झारिया गमछा से फांसी लगाकर लटका था जिसे फांसी से उतारकर मेडिकल कॉलेज लेकर गये सुबह लगभग 7-30 बजे डाक्टर ने चैक कर अतुल झारिया को मृत घोषित कर दिया।

2,399 करोड़ 17 लाख रुपये का रेवेन्यू हासिल किया

जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 2,399 करोड़ 17 लाख रुपये का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 2,278 करोड़ 26 लाख रुपये की तुलना में 5.31 प्रतिशत अधिक है। इस राजस्व में यात्री यातायात से 685.83 करोड़ रुपये, माल यातायात से 1,586.59 करोड़ रुपये, अन्य कोचिंग मद से 50.58 करोड़ रुपये तथा विविध (संड्री) आय से 76.18 करोड़ रुपये शामिल हैं। मंडलवार राजस्व में जबलपुर मंडल 1,492.90 करोड़ रुपये के साथ सबसे आगे रहा, जबकि भोपाल मंडल ने 529.33 करोड़ रुपये और कोटा मंडल ने 376.94 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया। रेलवे ने बताया कि विशेष ट्रेनों का संचालन, अतिरिक्त कोच, नए प्रायोगिक ठहराव, माल ढुलाई सुविधाओं का विस्तार तथा गैर-किराया राजस्व बढ़ाने के लिए नवाचारों के चलते यह उपलब्धि हासिल हुई है।

रेल्वे चुनाव में गठबंधन पैनल का 11 में से 10 सीट पर कब्जा

नैनपुर। रेल्वे इंस्टिट्यूट चुनाव में गठबंधन पैनल ने मजदूर कांग्रेस समर्थित पैनल को बाहर का रास्ता दिखाया। परिवर्तन पैनल का मात्र एक उम्मीद वार ने जीत दर्ज की। विजय पेनल के निम्न उम्मीद वार ने जीत दर्ज की। 1/ पंकज शर्मा 2/ अनुराग उपाध्याय 3/ सु कुमार सिंह 4/ अखलेश मिश्रा 5/ चितरंजन यादव 6/शिवकुमार 7/रविन्द्र कोलहिया 8/ मनीष धकाते 9/मयूर रजक 10/ जय समुद्रे ने जीत दर्ज की। इसमें श्रमिक यूनियन समर्थित 5 उम्मीदवार ने जीत दर्ज की एवं बाकी 5 उम्मीदवार ओबीसी एस टीएसटीबी आरएमएस के उम्मीदवार ने जीत दर्ज की।

रेल्वे इंस्टिट्यूट पुन खेल सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नैनपुर का नाम रोशन करेगा।

टिकरिया रोड पर सवारी वाहनों की मनमानी से लग रहा जाम, राहगीर परेशान

सड़क पर ही भरते हैं सवारियां, यातायात व्यवस्था हो रही प्रभावित

नारायणगंज। नगर के व्यस्ततम टिकरिया रोड पर सवारी वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग और मनमानी के चलते प्रतिदिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। वाहन चालक निर्धारित स्थान पर वाहन खड़े करने के बजाय मुख्य सड़क पर ही सवारियां भरते हैं, जिससे मार्ग संकरा हो जाता है और आवागमन बाधित होता है।

सुबह स्कूल खुलने और शाम के समय बाजार में भीड़ बढ़ने के दौरान समस्या और गंभीर हो जाती है। जाम के कारण स्कूली छात्र-छात्राओं, व्यापारियों, कर्मचारियों तथा आम नागरिकों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार आपातकालीन वाहनों को भी जाम में फंसना पड़ता है, जिससे गंभीर परिस्थितियां उत्पन्न होने की आशंका बनी रहती है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। उनका आरोप है कि संबंधित विभाग एवं यातायात व्यवस्था की निगरानी करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने से वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं।

नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर अवैध रूप से वाहन खड़े कर सवारियां भरने वाले चालकों के विरुद्ध नियमित अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाए तथा सवारी वाहनों के लिए निर्धारित पार्किंग एवं स्टैंड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि यातायात सुचारु हो सके और लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

रेड ब्रिज कॉन्वेंट स्कूल की मनमानी, जांच के बाद भी कार्रवाई शून्य

दलदल भरे रास्तों से स्कूल जाने को मजबूर बच्चे

नारायणगंज। नया शिक्षा सत्र शुरू होते ही निजी स्कूलों की मनमानी एक बार फिर सामने आने लगी है। क्षेत्र के रेड ब्रिज कॉन्वेंट स्कूल पर शासन के निर्देशों की खुलेआम अनदेखी करने और अभिभावकों का आर्थिक शोषण करने के गंभीर आरोप लगे हैं।

जानकारी अनुसार शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि स्कूलों में पाठ्य पुस्तक निगम की किताबें पढ़ाई जाएं, जिसमें कक्षा 4 की किताब मात्र 289 रूपए की है, लेकिन स्कूल प्रबंधन द्वारा 1400 से 1500 रूपए तक की निजी प्रकाशकों की किताबें चलाई जा रही हैं। अभिभावकों को स्कूल ड्रेस, टाई, बेल्ट और कॉपी-किताबें एक ही चुनिंदा दुकान से खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है। इसके अलावा हर साल प्रकाशक बदल दिए जाते हैं, जिससे एक से अधिक बच्चों वाले परिवारों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

सुविधाओं का अभाव और खस्ताहाल पहुंच मार्ग - स्कूल एक खेत के बीच में स्थित है और वहां तक पहुंचने का रास्ता पूरी तरह दलदल में तब्दील हो चुका है। इसी जोखिम भरे रास्ते से छोटे बच्चे स्कूल जाने को मजबूर हैं। इसके अलावा स्कूल परिसर में खेल के मैदान और पीने के साफ पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी भारी अभाव है।

अधिकारियों की अनदेखी

अभिभावकों का कहना है कि बीईओ और बीआरसी से शिकायत के बाद जांच में कई अनियमितताएं पाई गई थीं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। नतीजतन स्कूल प्रिंसिपल की मनमानी बदस्तूर जारी है। परेशान अभिभावकों ने अब उच्चाधिकारियों से अपील की है कि इस मामले में तत्काल संज्ञान लेकर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

अमरनाथ यात्रा पर गई महिला के सूने मकान में चोरी

नवभारत, जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत सुहागी में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय मकान मालकिन अपनी बहन के साथ अमरनाथ यात्रा पर गई हुई थीं। चोरों ने बड़ी चालाकी से घर के अंदर घुसकर अलमारी और दीवान के लॉक तोड़े और कीमती सामान समेटकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, नर्मदा परिसर सुहागी निवासी सागर श्रीवास्तव (32) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके पड़ोस में रहने वाली सुश्री अन्नपूर्णा पाण्डे शिक्षिका है और घर में अकेली रहती हैं। बीते 14 जुलाई को वह अपनी बहन के साथ बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए अमरनाथ यात्रा पर रवाना हुई थीं। जाने से पहले उन्होंने घर की देखरेख और गमलों में पानी डालने के लिए मेन गेट, मुख्य दरवाजे और अपनी मोटरसाइकिल की चाबियां पड़ोसी सागर को सौंप दी थीं। 21 जुलाई की शाम को जब सागर अपने काम से घर लौटे, तो उन्हें पड़ोस के मकान में कुछ अजीब लगा। उन्होंने देखा कि मैडम के घर के मेन गेट पर तो ताला लगा था, लेकिन अंदर के मुख्य दरवाजे का एलड्रॉप टूटा हुआ था और दरवाजा खुला था। सागर तुरंत मेन गेट खोलकर अंदर पहुंचे, तो वहां का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। लिविंग रूम में रखी सेंट्रल टेबल की दराजें खुली और बिखरी पड़ी थीं।

कमरों का वीडियो बनाकर भेजा- सागर ने तुरंत अमरनाथ यात्रा पर मौजूद अन्नपूर्णा पाण्डे को फोन लगाकर घर की स्थिति बताई। मैडम के कहने पर सागर ने मोबाइल से अंदर के कमरों का वीडियो बनाकर उन्हें भेजा। बेडरूम का ताला टूटा था, अलमारी और दीवान का पूरा सामान फर्श पर बिखरा हुआ था। वीडियो देखकर मकान मालकिन ने पुख्ता किया कि चोर अलमारी से सोने की 1 चैन, चांदी की 1 जोड़ी पायल और हजारों रुपये की नकदी समेट ले गए हैं।

लोन की किश्तें डकारीं, ब्रांच मैनेजर सहित 3 पर एफआईआर

नवभारत, जबलपुर। ग्राहकों से लोन की किश्तें वसूलकर बैंक के खाते में जमा करने के बजाय अपनी जेब में रखने वाले एक माइक्रोफाइनेंस बैंक के ब्रांच मैनेजर समेत तीन कर्मचारियों के खिलाफ कुंडम पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। महिला लोन ऑफिसर और तत्कालीन ब्रांच मैनेजर सहित तीन कर्मियों ने मिलकर कुल 1,58,711 का गबन किया है।

जानकारी के अनुसार आरबीएल फिनसर्व लिमिटेड बैंक शाखा कुण्डम के एरिया मैनेजर पवन कुमार रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कि कुण्डम तहसील कार्यालय के सामने स्थित बैंक शाखा में लंबे समय से किश्तों की हेराफेरी चल रही थी। जब बैंक ने आंतरिक स्तर पर सघन जांच की, तो तीन फील्ड कर्मचारियों की संदेही भूमिका सामने आई। ग्रुप लोन ऑफिसर हर्षिता राजपूत ने लोन धारकों से कुल 1,07,042 वसूले थे। शक होने पर जब उनसे कड़ाई से पूछताछ की गई, तो बैंक केवल 12,574 ही वापस ले पाया, जबकि शेष 94,528 लेकर वह गायब हो गई। शाखा के पूर्व ब्रांच मैनेजर पवन कुशवाहा ने अपने कार्यकाल में ग्राहकों से 65,243 कलेक्ट किए। इनमें से महज 10,700 ही बैंक रिकॉर्ड में आए, बाकी के 54,543 मैनेजर ने खुद के उपयोग में खर्च कर दिए। एक अन्य ग्रुप लोन ऑफिसर रोशन पटेल ने क्षेत्र के गरीब लोन धारकों से 9,640 की वसूली की और पूरी की पूरी रकम डकार गया। पुलिस ने आरोपी हर्षिता राजपूत, पवन कुशवाहा और रोशन पटेल के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

बिछिया के संस्कार बावरिया बने अनुविभागीय अधिकारी

नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी ने किया स्वागत

भुआ बिछिया। जिला प्रशासन द्वारा जारी प्रशासनिक आदेश के तहत डिप्टी कलेक्टर संस्कार बावरिया को मंडला जिले के बिछिया अनुविभाग का नया अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) के पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति के बाद क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की है।



संस्कार बावरिया इससे पूर्व बिछिया नगर के मुख्य नगर परिषद अधिकारी भी रह चुके हैं वहीं विभिन्न प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। प्रशासनिक कार्यों में उनकी कार्यशैली, अनुशासन और जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण की क्षमता को देखते हुए बिछिया जैसे महत्वपूर्ण अनुविभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति को क्षेत्र के विकास, प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा आमजन की समस्याओं के शीघ्र समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रजनी मरावी एवं नागरिकों ने उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में राजस्व, कानून-व्यवस्था, जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा विकास कार्यों में गति आएगी कानून-व्यवस्था, जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा विकास कार्यों में गति आएगी।

अभियान | नशे से दूरी है जरूरी' अभियान 2.0 के अंतर्गत दिलाई गई शपथ

गर्ल्स छात्रावास एवं नवीन हाई सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं को किया गया जागरूक

नवभारत, नैनपुर। 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान 2.0 के अंतर्गत आज गर्ल्स छात्रावास निवारी एवं नवीन हाई सेकेंडरी स्कूल, नैनपुर में छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं से संवाद करते हुए उन्हें अपने जीवन में सकारात्मक सोच अपनाने, शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने तथा किसी भी प्रकार के नशे से स्वयं दूर रहने के साथ-साथ अपने परिवार एवं समाज को भी जागरूक करने का संदेश दिया गया। साथ ही साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा एवं करियर निर्माण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की गई। कार्यक्रम में श्रीमान एसडीम सर एसडीओपी सर एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।

1200 छात्र-छात्राओं ने निभाई सहभागिता

इस अवसर पर लगभग 1200 छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों, पुलिस विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई जागरूकता रैली में प्रतिभागियों ने 'नशे से दूरी, खेलों से दोस्ती' का संदेश देते हुए आमजन को नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित किया। रैली के उपरांत कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, पिट्ठू एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 200 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को सकारात्मक ऊर्जा, अनुशासन एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

ट्रकों में ही सड़ रही लाखों की सब्जियां-फल, नो एंट्री से मिले छूट

जबलपुर। मानसून सीजन में गाड़ियां खराब होने की वजह से गाड़ियां असमय जबलपुर आ जाती है लेकिन नोएन्ट्री की वजह से गाड़ियों को बायपास पर ही रोक दिया जाता है और सैकड़ों टन सब्जियां, फल सड़ रहे है। किसानों, व्यापारियों को लाखों का नुकसान हो रहा है। नो एन्ट्री की वजह से सैकड़ों टन कच्चा माल (सब्जी-फल) खराब होनें से शहर को आपूर्ति नहीं हो पा रही है। नो एंट्री से सब्जी, फलों से लदे वाहनों को छूट दी जाएं। यह मांग व्यापारियों ने एएसपी यातायात से की है।

उन्होंने शिकायत में बताया कि कृषि उपज मंडी समिति जबलपुर संभाग की सबसे बड़ी ए ग्रेड मंडी है जहाँ हजारों किसान कृषि उत्पाद को बेचने के लिये प्रतिदिन अपने वाहनों से माल लाते है। 55 एकड़ के मंडी प्रांगण में अलग-अलग समय में पृथक-पृथक स्थान में उत्पादों की बोली लगाकर मंडी प्रशासन द्वारा माल का विक्रय किया जाता हैं। सर्वप्रथम सुबह 5 बजें से सब्जी एवं फल का विकय प्रारंभ होता है बारिस के मौसम में जबलपुर संभाग के स्थानीय किसानों का उत्पादन शून्य होनें की वजह से समस्त कच्चे माल की आपूर्ति कर्नाटक तमिलनाडू महाराष्ट्र पं. बंगाल उ.प्र. से होती है। लाखों लोगों की आपूर्ति के लिये लगभग 1000 किमी-1400 किमी की दूरी से कच्चा माल जबलपुर आता हैं।